BULANDSHAHR POLICE

दिनाँक 27 अप्रैल, 2026 | CRACKDOWN BULANDSHAHR | थाना खुर्जा नगर

हत्या की घटना में संलिप्त बदमाश के साथ थाना खुर्जा नगर पुलिस व स्वाट टीम की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद।

अवगत कराना है कि दिनांक 25/26.04.2026 की रात्रि थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत सुभाष रोड पर फायरिंग की घटना में तीन युवकों की मृत्यु हुई थी। उक्त घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुर्जा नगर पर मु0अ0सं0- 371/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1), 61(2) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा तीन अभियुक्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें एक अभियुक्त मयंक द्वारा बताया गया कि उसने एक अवैध असलाह अगवाल फ्लाईओवर के नीचे छिपाकर रखा है।

आज दिनांक 27.04.2026 को थाना खुर्जा नगर पुलिस व स्वाट टीम अभियुक्त मयंक की निशानदेही पर असलाह बरामदगी हेतु अगवाल फ्लाईओवर के नीचे पहुँची। इसी दौरान अभियुक्त मयंक ने मौका पाकर पुलिस अभिरक्षा से भागने का प्रयास किया तथा बरामद असलाह से पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान मयंक सैनी उर्फ दुग्गी पुत्र महेशचन्द सैनी निवासी ब्राइट पब्लिक स्कूल के पास कस्बा व थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस बरामद हुआ है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- मयंक सैनी उर्फ दुग्गी पुत्र महेशचन्द सैनी निवासी ब्राइट पब्लिक स्कूल के पास कस्बा व थाना खुर्जानगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-

1- 01 अवैध तमंचा मय 01 खोखा कारतूस।

गिरफ्तार अभियुक्त मयंक सैनी उर्फ दुग्गी का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 371/26 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1), 61(2) बीएनएस थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।
2. मु0अ0सं0- 1035/2023 धारा 279, 323, 427, 504 भादवि थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

गिरफ्तार करने वाली थाना खुर्जा नगर पुलिस टीम-

1. श्री प्रेमचन्द शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना खुर्जा नगर
2. उ0नि0 श्री हिमांशू चौधरी, उ0नि0 श्री सन्दीप कुमार, उ0नि0 श्री विक्रम सिंह, उ0नि0 श्री प्रीतम सिंह
3. है0कां0 951 शमीम अहमद, कां0 350 तीरथ सिंह

स्वाट टीम-

1- मोहम्मद असलम, प्रभारी स्वाट टीम

2- है0का0 कपिल नैन, है0का0 प्रदीप कुमार, है0का0 निकुंज यादव,है0का0 मनीष त्यागी, है0का0 मौ0 आरिफ, है0का0 अनुज राठी, है0का0 अंकुर धामा,का0 रोहित कुमार, का0 नरेन्द्र कुमार, का0 सचिन चौहान, का0 श्याम सुंदर,का0 अमित कुमार, है0का0 चालक जेल सिंह

मीडिया सेल बुलन्दशहर